आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकण्डा
ARYA KANYA MAHAVIDYALYA
(A Premier Multifaculty Post Graduate Girls Institution Affiliated to KUK)
SHAHABAD MARKANDA, DISTT KURUKSHETRA (HARYANA)
Estd. 1968

Ref. No. 801/AKM/2023/15023 Date 20/11/2023

शोध कार्य छात्राओं की शैक्षिक प्रगति के लिए अति आवश्यक : डॉ० आरती त्रेहन

दिनांक 20 नवंबर, 2023 को आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकण्डा में रिसर्च एवं इनोवेशन सैल द्वारा ''बेसिक स्टेप फार रिसर्च लर्निंग'' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शोध कार्य सीखने सम्बन्धी तरीकों से अवगत कराना था। इस संगोष्ठी में डॉ० पूनम सिवाच, डॉ० हेमा सुखीजा एवं डॉ० स्वाति अत्री ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। संगोष्ठी का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० आरती त्रेहन ने सभी का अभिनन्दन करते हुए आज के वैश्वीकरण युग में अनुसंधान की महत्ता पर प्रकाश डाला व शैक्षिक अनुसंधान को छात्राओं की प्रगति के लिए अति आवश्यक बताया। साथ ही संगोष्ठी की संचालिका डॉ० स्वाति अत्री व उनकी टीम को संगोष्ठी के सफल आयोजन पर बधाई दी। सर्वप्रथम संगोष्ठी की प्रथम वक्ता डॉ० स्वाति अत्री ने छात्राओं को शोध कार्य के प्रति जागृत करते हुए इसके विविध आयामों पर प्रकाश डाला व साथ ही एन० ई० पी० के सम्पूर्ण ढांचे पर विस्तार से चर्चा की। तत्पश्चात् डॉ० पूनम सिवाच ने अनुसंधान प्रस्ताव के सही लेखन विधियों के बारे में छात्राओं को विस्तार से समझाया व साथ ही बताया कि कैसे छात्राएँ अनेकों शैक्षिक ग्रंथों सामग्रियों को खोजकर सक्रिय रूप से शोध कार्य सम्पन्न कर सकती हैं। अन्त में डॉ० हेमा सुखीजा ने शोध कार्य के मूल्यांकन पर विस्तार से चर्चा की। मंच संचालन का कार्य डॉ० रोजी निभाया। संगोष्ठी के अन्त में संचालिका डॉ० स्वाति अत्री ने सभी का धन्यवाद किया। इस संगोष्ठी में 71 छात्राओं ने भाग लिया व शोध कार्य सम्बन्धी जानकारियां प्राप्त की। इस अवसर पर श्रीमती राजिन्द्र कौर, श्रीमती परविन्द्र कौर, श्रीमती रचिता एवं श्रीमती रमनदीप उपस्थित रहे।

डॉ० (श्रीमती) आरती त्रेहन
कार्यवाहक प्राचार्या

Principal (offg.)
Arya Kanya Mahavidyalya
Shahabad Markanda

शोध कार्य छात्राओं की शैक्षिक प्रगति के लिए अति आवश्यक : डा. आरती त्रेहन

एक दिवसीय संगोष्ठी में वैश्वीकरण युग में अनुसंधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्या डा. आरती त्रेहन व अन्य। (छाया : विजय कुमार)

शाहाबाद मारकंडा, 20 नवम्बर (विजय कुमार): आर्य कन्या महाविद्यालय में रिसर्च एवं इनोवेशन सेल द्वारा ''बेसिक स्टेप फार रिसर्च लर्निंग'' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शोध कार्य सीखने संबंधी तरीकों से अवगत कराना था। इस संगोष्ठी में डा. पूनम सिवाच, डा. हेमा सुखीजा एवं डा. स्वाति अत्री ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या डा. आरती त्रेहन ने सभी का अभिनंदन करते हुए आज के वैश्वीकरण युग में अनुसंधान के महत्त्व पर प्रकाश डाला व शैक्षिक अनुसंधान को छात्राओं की प्रगति के लिए अति आवश्यक बताया। साथ ही संगोष्ठी की संचालिका डा. स्वाति अत्री व उनकी टीम को संगोष्ठी के सफल आयोजन पर बधाई दी। सर्वप्रथम संगोष्ठी की प्रथम वक्ता डा. स्वाति अत्री ने छात्राओं को शोध कार्य के प्रति जागृत करते हुए इसके विविध आयामों पर प्रकाश डाला व साथ ही एनईपी के सम्पूर्ण ढांचे पर विस्तार से चर्चा की। तत्पश्चात डा. पूनम सिवाच ने अनुसंधान प्रस्ताव के सही लेखन विधियों के बारे में छात्राओं को विस्तार से समझाया व साथ ही बताया कि कैसे छात्राएं अनेकों शैक्षिक ग्रंथों सामग्रियों को खोज कर सक्रिय रूप से शोध कार्य सम्पन्न कर सकती हैं। अन्त में डा. हेमा सुखीजा ने शोध कार्य के मूल्यांकन पर विस्तार से चर्चा की। मंच संचालन का कार्य डा. रोजी ने निभाया। संगोष्ठी के अन्त में संचालिका डा. स्वाति अत्री ने सभी का धन्यवाद किया। इस संगोष्ठी में 71 छात्राओं ने भाग लिया व शोध कार्य सम्बन्धी जानकारियां प्राप्त की। इस अवसर पर राजिन्द्र कौर, परविन्दर कौर, रचिता एवं रमनदीप उपस्थित रहे।

GPS Map Camera
Shahabad, Haryana, India
5VC8+J54, Subhash Nagar, Shahabad, Haryana 136135, India
Lat 30.171299°
Long 76.86572°
20/11/23 10:14 AM GMT +05:30
Google